आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.06.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मतदान

प्रदेश में आज लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों पर उपचुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं। मतदान आज सुबह 7 बजे शुरू हुआ और सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें देखी गईं। मतदान का आधिकारिक समय 6 बजे समाप्त हो गया है, लेकिन मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें लगी हुई हैं और मतदान प्रकिया पूरी होने में कुछ और समय लगेगा। निर्वाचन विभाग ने शाम पांच बजे तक के मतदान के आंकड़े जारी कर दिए हैं। प्रदेशभर में 5 बजे तक लोकसभा चुनाव के लिए लगभग 67 फीसदी लोग वोट डाल चुके थे। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में लगभग 66 फीसदी, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 64 फीसदी, मंडी में लगभग 69 फीसदी और शिमला संसदीय क्षेत्र में करीब 68 फीसदी मतदान हो चुका था। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा सीट पर अभी तक लगभग 66 फीसदी, बड़सर विधानसभा उपचुनाव के लिए 50 फीसदी, लाहौल–स्पिति में 74 फीसदी, गगरेट में 68, सुजानपुर में 63 और कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर लगभग 71 फीसदी लोग वोट डाल चुके हैं।

वीआईपी मतदान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय भावड़ा में स्थापित पोलिंग बूथ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर में परिवार सहित जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने परिवार सहित समीरपुर स्थित मतदान केन्द्र में वोट डाला। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी ज़िले में सराज विधानसभा क्षेत्र के औहन जबकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में वोट डाला। इस अवसर पर उन्होंने दावा किया कि जनता में भाजपा के खिलाफ भारी गुस्सा है और इन चुनावों में बम्पर जीत के साथ कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने रामपुर में मतदान किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की धार पंचायत के पौटा और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर विधानसभा क्षेत्र के कल्पा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जीत–दावे

मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस ने अपनी–अपनी जीत के दावे किए हैं। हमीरपुर ज़िले के समीरपुर में वोट डालने के बाद केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने मोदी सरकार की नीतियों व उपलब्धियों पर मतदान किया है और इन चुनावों में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिला है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय भावड़ा स्थित मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद दावा किया कि इन चुनावों में धन बल की नहीं, बल्कि जन बल की जीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस

पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा 6 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इन चुनावों में लोगों ने दल–बदलू नेताओं को नकारा है।

प्रत्याशी

प्रदेश में आज कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के बीच कांटे की टक्कर है। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत और कांग्रेस के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। देशभर में चरणों में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

मतदान केंद्र

प्रदेशभर में मतदान के लिए स्थापित किए गए 7 हज़ार 9 सौ 92 मतदान केन्द्रों में से एक सौ 95 मतदान केन्द्रों का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया गया। मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई। इसके अलावा 28 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनका संचालन केवल दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा ही किया गया। इसी प्रकार 54 मतदान केन्द्रों के संचालन का ज़िम्मा युवा कर्मियों को सौंपा गया। चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश में 2 सौ 79 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र घोषित किया गया। आदर्श मतदान केन्द्रों में नए व शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।